Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 07 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 39

# हरदोई में ऑटो-डीसीएम की टक्कर, 10 की मौत

**सीएम योगी ने जताया दुख**

हरदोई । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बुधवार को एक ऑटो और डीसीएम के बीच भीषण सडक़ हादसा हुआ। इस हादसे में 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मामला बिलग्राम थाना क्षेत्र के कटरा बिल्हौर हाईवे का है। बताया जा रहा है कि बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर क्षेत्र में एक ऑटो और डीसीएम के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें छह महिलाओं, तीन बच्चे समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि बुधवार सुबह 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना बिलग्राम में एक हादसा हुआ, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस हादसे में छह महिलाओं समेत 10 लोगों की जान गई है, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। चार लोगों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा और उनकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



नीरज जादौन ने कहा, स्थानीय लोगों के मुताबिक यह हादसा एक बाइक सवार को बचाने की वजह से हुआ। इसी दौरान तेज रफ्तार डीसीएम और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हमारी पहली प्राथमिकता है कि घायलों को बेहतर इलाज मिल सके। इसके साथ ही हादसे की जानकारी मृतकों के परिवार वालों को दे दी गई है।

उन्होंने आगे कहा कि पुलिस द्वारा हादसे के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही डीसीएम और ऑटो को कब्जे में ले लिया गया है। घटना के कारणों की जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, जनपद हरदोई में एक सडक़ दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्यों को तेजी से संचालित करने और घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। भगवान राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## फिरोजाबाद में मजदूरों से भरी डबल डेकर बस दुर्घटनाग्रस्त, 20 से अधिक घायल

फिरोजाबाद । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में बड़ा सडक़ हादसा हुआ है। यहां पर यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस पलट गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त बस, डबल डेकर थी, जो यात्रियों को लेकर हमीरपुर से हाथरस, इगलास की ओर जा रही थी। बस में करीब 20 से 22 लोग सवार बताए जा रहे हैं। इसमें मौजूद लोग मजदूरी का काम करते हैं और ईंट भट्ठे पर काम करने के लिए जा रहे थे।

बता दें कि यह सडक़ दुर्घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के चनोरा पुल के पास हुई है। हादसे के बाद बस में मौजूद करीब सभी मजदूर घायल बताए जा रहे हैं, जिनका इलाज चल रहा है। घायलों में दो को ज्यादा चोट लगने के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों को आगरा के लिए रेफर कर दिया गया है।



बस में सवार हमीरपुर जिले के एक यात्री मान सिंह ने हादसे को लेकर जानकारी दी। बस ड्राइवर के ऊपर शराब पीकर गाड़ी चलाने की आशंका भी जाहिर की गई है। मान सिंह ने बताया कि प्राइवेट बस थी, जिसमें 20-22 लोग मौजूद थे। हादसे में सभी लोग घायल हुए हैं। उसने बताया की बस यात्रियों को लेकर हाथरस जा रही थी। इसमें ईट भट्टों पर काम करने वाले मजदूर मौजूद थे, जो हादसे में घायल हो गए।

यह घटना बुधवार तडक़े सुबह की बताई जा रही है। मजदूरों को लेकर एक प्राइवेट डबल डेकर बस हमीरपुर से हाथरस, इगलास जा रही थी। तभी फिरोजाबाद के रामगढ़ थाना क्षेत्र में चनोरा पुल के पास बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में मौजूद सभी लोगों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस हादसे के कारण का पता लगा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बांदीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक दहशतगर्द ढेर; सर्च ऑपरेशन जारी

**बांदीपोरा (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों को आतंकवादियों के ठिकाने की सूचना मिलने के बाद केत्सुन वन क्षेत्र में यह मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाबलों को खुफिया जानकारी मिली थी कि इस क्षेत्र में दो आतंकी छिपे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और 26 असम राइफल्स की एक टीम को आतंकियों की तलाश में लगाया गया है। इससे पहले, रविवार को श्रीनगर के संडे बाजार में आतंकवादियों ने ग्रेनेड हमला किया था जिसमें 10 लोग घायल हो गए थे। इसके अलावा, एक दिन पहले खानयार में भी सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक आतंकी मारा गया था। श्रीनगर में लगातार हो रहे इन हमलों से कश्मीर में तनाव बढ़ गया है। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

### जिसका बुल्डोजर से घर टूटा, उसे 25 लाख रुपए मिलेंगे... सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार को बुलडोजर एक्शन पर फटकार लगाई है। मामला यूपी के महाराजगंज जिले का है, जहां सडक़ चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के लिए घरों को बुलडोजर के जरिए ध्वस्त किया गया था। मनोज टिबरेवाल आकाश ने रिट याचिका दायर की थी, जिस पर अदालत सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यूपी सरकार ने जिसका घर तोड़ा है उसे 25 लाख रुपए का मुआवजा दे।?सीजेआई ने कहा कि यह पूरी तरह से मनमानी है, उचित प्रक्रिया का पालन कहां किया गया है? हमारे पास हलफनामा है, जिसमें कहा गया है कि कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था, आप केवल साइट पर गए थे और लोगों को सूचित किया था। हम इस मामले में दंडात्मक मुआवजा देने के इच्छुक हो सकते हैं। क्या इससे न्याय का उद्देश्य पूरा होगा? वार्ड नंबर 16 मोहल्ला हामिदनगर में स्थित अपने पैतृक घर और दुकान के विध्वंस की शिकायत करते हुए मनोज टिबरेवाल द्वारा संबोधित पत्र पर स्वत: संज्ञान लिया गया था।

### जोधपुर में कार-ट्रक की टक्कर, मां और बेटे-बहू की दुखद मृत्यु : चार गंभीर घायल

**जोधपुर (आरएनएस)।** भांडू गांव के पास एक भयानक सडक़ हादसे में मां, बेटे और बहू की जान चली गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना आज दोपहर करीब तीन बजे हुई जब एक आल्टो कार बाड़मेर की तरफ से आ रही थी और एक ट्रक जोधपुर की ओर जा रहा था। दोनों के बीच आमने-सामने टक्कर हुई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और हाईवे पर जाम लग गया।बोरानाड़ा थानाधिकारी शकील अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में बुलडोजर एक्शन की तैयारी, आतंकवादियों को पनाह देने वालों पर होगी कार्यवाई

श्रीनगर । आरएनएस



जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति आतंकवादियों को पनाह देता है तो उसके खिलाफ बुलडोजर एक्शन किया जाएगा।

बारामूला में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा, मैंने सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी निर्दोष को नुकसान न पहुंचाएं, लेकिन आतंकवादियों को पनाह देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके घरों को ध्वस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह कहकर खुद को बचाने की कोशिश करते हैं कि उनके साथ अन्याय हो रहा है। लेकिन यह अन्याय नहीं है, बल्कि न्याय है।

एलजी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारा पड़ोसी अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हमें चिंता इस बात की है कि यहां के कुछ लोग उनके इशारे पर काम कर रहे हैं। सिन्हा ने गगनगीर में आतंकवादियों द्वारा चिकित्सक और प्रवासी मजदूरों की हत्या का उदाहरण देते हुए कहा कि अगर लोग आतंकवादियों के खिलाफ खड़े नहीं होंगे तो स्थिति नहीं बदलेगी। बुलडोजर एक्शन एक कठोर कदम है, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों को पनाह देने वालों को डराना और आतंकवाद को रोकना है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

## मुंबई क्राइम ब्रांच ने पुणे से एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

पुणे । आरएनएस



क्राइम ब्रांच ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के 16वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि आरोपी को पुणे से गिरफ्तार किया गया है और उसकी पहचान गौरव अप्पुने के रूप में हुई है। संदिग्ध आरोपी की उम्र 23 साल है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गौरव ने हत्या की योजना बनाने के लिए कई बार अन्य आरोपियों से मुलाकात की थी।

गौरव उन शूटरों के पहले बैच के संपर्क में था जिन्हें पहले बाबा सिद्दीकी की हत्या का ठेका दिया गया था। बाद में शूटर पीछे हट गए। क्राइम ब्रांच की टीम गौरव को बुधवार को कोर्ट में पेश कर उसकी रिमांड मांगेगी।

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। गैंग का कहना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या अभिनेता सलमान खान से उनके करीबी संबंधों के कारण की गई।

इससे पहले बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के एक गवाह को 5 करोड़ रुपये की धमकी वाला कॉल आया था। पुलिस ने बताया कि कॉल करने वाला लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया जा रहा है। शिकायत के आधार पर खार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

गवाह ने पुलिस को बताया था कि कुछ दिन पहले उसे एक अज्ञात व्यक्ति ने धमकी भरा फोन किया था, जिसमें 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। फोन करने वाले ने धमकी दी थी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वह उसे जान से मार देगा।

इस बीच, मुंबई पुलिस की अपराध शाखा हत्या के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर की तलाश में बड़े पैमाने पर छापेमारी कर रही है। अख्तर की तलाश में पुलिस की पांच टीमें लगी हुई हैं। हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार कथित तौर पर राजस्थान से लाए गए थे। अब तक पांच हथियार जब्त किए जा चुके हैं।

## छठ पूजा को जिनकी आवाज ने लोकल से ग्लोबल बनाया, उस स्वर कोकिला शारदा सिन्हा ने नहाय-खाय के दिन ली अंतिम सांस

नई दिल्ली । आरएनएस



मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का बीती रात निधन हो गया। वह 72 साल की थीं। कुछ दिन पहले बीमारी के चलते उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। सोमवार को तबीयत बिगडऩे पर उन्हें वेंटीलेटर पर शिफ्ट कर दिया गया था। शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमन सिन्हा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया, आप सब की प्रार्थना और प्यार हमेशा मां के साथ रहेंगे। मां को छठी मइया ने अपने पास बुला लिया है। मां अब शारीरिक रूप में हम सब के बीच नहीं रहीं।

पद्म भूषण से सम्मानित 72 वर्षीय शारदा सिन्हा मैथिली और भोजपुरी गानों के लिए जानी जाती हैं। उनके चर्चित गानों में विवाह गीत और छठ गीत शामिल हैं। गीत-संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री और पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया है।

शारदा सिन्हा का जन्म 1 अक्टूबर 1952 को बिहार के समस्तीपुर में संगीत से जुड़े एक परिवार में हुआ था। उन्होंने 1980 में ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन से अपना करियर शुरू किया और जल्द ही अपनी दमदार आवाज और भावनात्मक प्रस्तुति के लिए मशहूर हो गईं।

बता दें कि इससे पहले छठ गीतों से बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के आम लोगों के दिलों पर राज करने वाली लोक गायिका के बेटे अंशुमन सिन्हा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बताया था, इस बार यह सच्ची खबर है, मां वेंटिलेटर पर हैं।

उन्होंने लोगों से प्रार्थना जारी रखने की अपील करते हुए कहा था, बहुत बड़ी लड़ाई में मां जा चुकी हैं। और मुश्किल है, काफी मुश्किल है। इस बार काफी मुश्किल है। बस यही प्रार्थना कीजिए कि वह लडक़र बाहर आ सकें।

**पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी, नीतीश, लालू व राबड़ी देवी ने सहित अनेक नेताओं ने शारदा सिन्हा के निधन पर जताया शोक-** देश की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर देशभर में शोक की लहर उमड़ गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित भाजपा के तमाम नेताओं उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा सहित प्रदेश के विभिन्न नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। शारदा सिन्हा ने अनेक लोकभाषाओं व संस्कृति की सेवा की। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक गायिका, पद्म भूषण शारदा सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर उनके निधन को संगीत जगत की अपूरणीय क्षति बताया।

## मेधावी बच्चों को सस्ता लोन देगी मोदी सरकार, कैबिनेट में लगी फैसले पर मुहर

नई दिल्ली । आरएनएस

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। इस बारे में केंद्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए कहा कि योजना के तहत 8 लाख रुपये सालाना से कम आमदनी वाले परिवार के बच्चों को 3 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी के तहत 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाएगा।

योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मेधावी छात्र को आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित न रहना पड़े। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें सुझाव दिया गया था कि सरकारी और निजी उच्च शिक्षा संस्थानों में योग्य छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। योजना के लिए 3,600 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 से लागू होगी। मेधावी बच्चों की पढ़ाई के अलावा कैबिनेट ने कई और अहम फैसले लिए हैं।

वैष्णव ने बताया कि खाद्यान्न की खरीद में एफसीआई की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आज भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को मजबूत करने का निर्णय भी लिया गया। कैबिनेट ने एफसीआई को 10,700 करोड़ रुपये की नई इक्विटी पूंजी देने का निर्णय लिया है।

## जयपुर में करोड़ों की चोरी : राजापर्क पंचवटी सर्किल पर बदमाशों ने उड़ाए 2 करोड़ के आईफोन और गैजेट्स

जयपुर । आरएनएस

जयपुर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह चार बजे एक साहसी चोरी की वारदात ने पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पंचवटी सर्किल स्थित एक मोबाइल शोरूम से तीन बदमाश लगभग 20 मिनट में ही दो करोड़ रुपये के एप्पल गैजेट्स, आईफोन, मैकबुक, टैब और स्मार्टवॉच चुराकर फरार हो गए। हैरानी की बात है कि शोरूम से महज 500 मीटर की दूरी पर ही पुलिस स्टेशन स्थित है, लेकिन इस दौरान पुलिस की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ।

रैकी के बाद की चोरी की वारदात दुकान मालिक रविंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 3:30 बजे तीन बदमाश बाइक पर आए थे। कुछ देर तक शोरूम के बाहर रैकी करने के बाद उन्होंने शटर तोड़ दिया और अंदर घुसकर ताबड़तोड़ लूटपाट शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि दो बदमाशों ने चेहरे ढके हुए थे और वे बैग लेकर आए थे, जिसमें उन्होंने शोरूम से चुराए 272 गैजेट्स भर लिए। आरोपियों ने 20 मिनट के भीतर ही सारा माल समेटकर फरार होने में कामयाबी हासिल की।

**पुलिस की जांच और कार्रवाई-** चोरी का पता सुबह उस समय चला जब स्थानीय लोगों ने शोरूम का टूटा हुआ शटर देखा और दुकान मालिक व पुलिस को सूचना दी। एसीपी शिवकुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों बदमाशों के स्केच तैयार कर अन्य थानों में सर्कुलेट कर दिए गए हैं, और विभिन्न टीमों को आरोपियों की तलाश में लगाया गया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है, लेकिन इतनी बड़ी चोरी के बावजूद अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल-** इस घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 500 मीटर की दूरी पर पुलिस स्टेशन होने के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर हुई चोरी से स्थानीय लोग भी चिंतित हैं।

## त्योहारी सीजन में भीड़ कम करने के लिए केंद्र ने शुरू की 7,663 स्पेशल ट्रेन सर्विस

नई दिल्ली । आरएनएस

रेलवे बोर्ड ने त्योहारी सीजन की भीड़ को देखते हुए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 7,663 स्पेशल ट्रेन सर्विस शुरू की है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 73 फीसदी अधिक है।

रेलवे बोर्ड ने इसे लेकर एक बयान जारी किया है।, पूजा/दिवाली/छठ 2024 की भीड़ के लिए कुल 7,663 स्पेशल ट्रेन सर्विस अधिसूचित की गई हैं। पिछले साल इस अवधि के दौरान केवल 4,429 ट्रिप्स ही संचालित किए गए थे।

बयान में कहा गया है कि भारतीय रेलवे ने 24 अक्टूबर से 4 नवंबर तक दिवाली और छठ उत्सव के दौरान 957.24 लाख नॉन सब अर्बन यात्रियों को सफर करवाया, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान 923.33 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी, जो इस साल 33.91 लाख यात्रियों की वृद्धि दर्शाता है।



4 नवंबर को 1.2 करोड़ से ज़्यादा यात्रियों ने इन सेवाओं का लाभ उठाया, जिसमें 19.43 लाख आरक्षित और 1.01 करोड़ से ज्यादा अनारक्षित नॉन सबअर्बन यात्री शामिल थे, जो चालू वर्ष के लिए एक दिन में यात्रियों की सबसे ज्यादा संख्या थी। बयान में कहा गया है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 3 नवंबर को 207 और 4 नवंबर को 203 स्पेशल ट्रेन चलाई गईं।

रेलवे बोर्ड की ओर से यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब सोशल मीडिया पर ऐसी कई पोस्ट वायरल हो रही हैं, जिनमें ट्रेन में ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। वहीं, कुछ स्टेशन पर यात्री खिड़कियों से कोच में चढ़ते नजर आ रहे हैं।

पिछले सप्ताह भारतीय रेलवे ने एक बयान जारी कर कहा था कि यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और किसी भी घटना से बचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

बयान में कहा गया है, दिवाली और छठ के दौरान पूरे भारत में ट्रेन से यात्रा करना एक चुनौती भरा काम है, लेकिन नवरात्रि और दुर्गा पूजा के दौरान इसी तरह के परिचालन को सफलतापूर्वक प्रबंधित करने के बाद, भारतीय रेलवे अब यात्रियों को चालू दिवाली और आगामी छठ समारोहों के लिए उनके मूल स्थानों तक पहुंचने में मदद करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

सभी यात्रियों से यह भी आग्रह किया गया है कि अगर उन्हें रेलवे परिसर में कोई संदिग्ध पदार्थ दिखाई दे तो वे हेल्पलाइन 139 और रेल मदद पोर्टल का उपयोग कर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचित करें।

आग के किसी भी खतरे को रोकने के लिए 15 अक्टूबर से सामान की जांच और पार्सल जांच के साथ-साथ पोर्टेबल स्टोव का उपयोग करने वाले विक्रेताओं और हॉकरों की निगरानी भी की जा रही है।